# लोकतंत्र सेनानी चौ.जयपाल सिंह का हुआ निधन

## राजकीय सम्मान के साथ उनके पैत्रक गांव नौरोजपुर गुर्जर में किया गया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत रत्न व किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रेरणा से अपना राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन शुरू करने वाले लोकतंत्र सेनानी चौधरी जयपाल सिंह का आज प्रात: 4:15 पर 97 वर्ष की आयु में निधन पैत्रक गांव नौरोजपुर गुर्जर में हो गया। उन्होंने एमए राजनीति शास्त्र तक की शिक्षा ग्रहण की और उसके बाद सन् 1952 में पीसीएस के लिए उत्तर प्रदेश में उनका चयन हो गया। उक्त सेवा को उन्होंने इसीलिए ज्वाइन नहीं किया क्योंकि उनके चौधरी चरण सिंह से पारिवारिक रिश्ते थे और चौधरी साहब ने उन्हें राजनीति में किसानों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया, उन्हीं की प्रेरणा से और चौधरी साहब के सानिध्य व आशीर्वाद से वे राजनीति क्रियाकलापों में सन 2002 तक अपना सक्रिय योगदान देते रहे।



मृतक का फाइल फोटो

उसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश जाट सभा महासभा से जुड़कर जाट आरक्षण के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निर्वहन किया और उत्तर प्रदेश जाट महासभा में लंबे समय तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे। सन् 2014 में स्वास्थ्य कारणो से उत्तर प्रदेश जाट महासभा से त्यागपत्र दे दिया और सन 2015 में जनपद बागपत में तत्कालीन जिला जाट सभा की कार्यकारिणी के विनम्र अनुरोध पर प्रधान संरक्षक का दायित्व संभाला। जिला जाट सभा बागपत के प्रधान संरक्षक रहते हुए



जनपद बागपत में उनके संयोजन में जाट समाज का एक राष्ट्रीय सम्मेलन, जाट समाज को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण के लिए दिलवाने के लिए मार्च सन 2016 में संपन्न हुआ। जनपद भर के सार्वजनिक जीवन के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा गया कि चौधरी जयपाल सिंह ने जीवन में सादगी और ईमानदारी अनुसारण करते हुए राजनीतिक क्षेत्र और सामाजिक संगठनों के बीच कार्य किया, उनके निधन से जनपद में सार्वजनिक जीवन का एक अध्याय समाप्त हुआ है। 1975 में आपातक. ाल का विरोध करते हुए जेल गए और उसके बाद जब 1980 में माया त्यागी कांड हुआ तो वह बागपत में माया त्यागी कांड के विरोध में किये जा रहे आंदोलन के संयोजक रहे और पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज का शिकार हुए, जिससे कि उनके शरीर में 19 फैक्चर हुए। चौधरी जयपाल सिंह की आपातकाल के दौरान जेल यात्रा के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकतंत्र सेनानी का दर्जा प्राप्त था उनका अंतिम संस्कार आज राजकीय सम्मान के साथ उनके पैत्रक गांव नौरोजपुर गूर्जर में संपन्न हुआ। उनके निधन पर सपा राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राजेंद्र चौधरी और पूर्व एमएलसी जगत सिंह द्वारा शोक प्रकट किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री डा.कुलदीप उज्ज्वल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री ओमवीर तोमर, सपा नेता नगेंद्र सिंह, रालोद नेता विश्वास चौधरी, भाकियू जिला अध्यक्ष प्रताप गुर्जर, डा.अभिनव तोमर, धर्मपाल चौयरमेन, धर्मपाल बाघू, ठा.चमन सिंह, नेपाल प्रधान धनखड खाप चौधरी बिजेंद्र सिंह, दांघड खाप चौधरी कैप्टन विनोद कुमार समेत बड़ी संख्या में मे सर्वसमाज के प्रतिष्ठित लोग सम्मिलित रहे।

## भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष को उनके आवास पर किया नज़रबंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष सोनू बंसल को उनके भगोट स्थित आवास पर नज़रबंद कर दिया गया है। उन्हें विभिन्न मांगों को लेकर आज निकलने वाले ट्रैक्टर मार्च से पहले पुलिस ने रोका। इस कार्रवाई के बाद उनका प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च स्थगित हो गया है।

यह ट्रैक्टर मार्च अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध, वृद्धा पेंशन हर जरूरतमंद तक न मिलने से उत्पन्न नाराजगी, स्कूलों द्वारा अधिक फीस वसूलने और अन्य कई मांगों को लेकर निकाला जाना था। सोनू बंसल ने अपने गांव भगोट से खेकड़ा तक ट्रैक्टर मार्च निक. ालने का आहवान किया था, जिसमें सैकड़ों किसानों और स्थानीय लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी। हालांकि, मार्च शुरू होने से पहले ही पुलिस ने जिलाध्यक्ष को उनके घर पर नज़रबंद कर दिया। नज़रबंद किए जाने पर सोनू बंसल ने नारा. जगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर उनका विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। बंसल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो भविष्य में भी धरने-प्रदर्शन जारी रहेंगे और एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

## सरकार ने काले कानून को वापस नहीं लिया तो जारी रहेंगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में यूजीसी एक्ट को खत्म करने के लिए सरकार से मांग करते हुए ब्राह्मण महासभा समिति जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि इस समय सामान्य जाति के लोग जगह-जगह जुलूस प्रदर्शन धरने दे रहे हैं। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए, अगर सरकार ने इस काले कानून को वापस नहीं लिया तो सामान्य जाति के लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

यूजीसी एक्ट इस काले कानून को लाकर सरकार ने सामान्य जाति के लोगों पर बड़ा जुर्म किया है। ब्राह्मण महासभा समिति के मेरठ मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि काला कानून ही नहीं हम इसे अंधा कानून भी कहेंगे। भाजपा सरकार सामान्य जाति के लोगों के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह काला कानून वापस नहीं होगा तब तक विरोध प्रदर्शन होते रहेंगे। सामान्य जाति के लोग 19 मार्च को भारी संख्या में सड़कों पर उतरने का काम करें। सामान्य जाति के एक व्यक्ति ने आज दिल्ली स्टैंड पर अनोखा प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह अंधा कानून है यह अंधा कानून है इसे वापस लो वरना हमारा विरोध प्रकट सरकार के खिलाफ जारी रहेगा।




## एलपीजी सिलेण्डर के दामों में वृद्धि होने पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई अध्यक्षता शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने की तथा संचालन बिजेन्द्र शर्मा ने किया।

बैठक में हाल ही मे एलपीजी सिलेण्डर के दामों मे वृद्धि को लेकर गहरा रोष प्रकट किया। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा भाजपा सरकार ने लगातार गैस के दामों को बढाकर महिलाओं के रसोई के बजट को बिगाड़ने का काम कर रही है महिलाएं रसोई के बोझ तले दब रही है। महिलाओं का सरकार से विशवास उठ चुका है। भाजपा की कथनी और करनी में अन्तर साफ है। भाजपा सरकार के अच्छे दिनो के वायदे हवाई साबित हो रहे है। भाजपा सरकार को किसानो मजदूरो गरीब दलित की कोई परवाह नहीं है। सरकार से गैस पर बढाये गये दामों को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर मदन सिंह दुहण करताराम कश्यप ओमबीर सिंह प्रवीण रूहेला मो प्रवेज इरशाद डा सुभाष शर्मा देवेन्द्र लोक. ेश पांचाल सोनी औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।



## शिकायतों के निस्तारण में पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने फरवरी माह में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रिड्रेसल सिस्टम) पर शिकायतों के निस्तारण में पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि बागपत पुलिस की पारदर्शी, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देशन में बागपत पुलिस ने यह सफलता प्राप्त की। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्रणाली है जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कराते हैं। इन शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान करना अनिवार्य होता है। बागपत पुलिस ने प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया, जिसके परिणामस्वरूप फरवरी माह की रैंकिंग में यह पहला स्थान मिला। इस उपलब्धि में जनपद के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी थानों की टीमों ने शिकायतों को प्राथमिकता दी और उनके त्वरित निस्तारण के लिए लगातार प्रयास किए। आईजीआरएस प्रभारी और उनकी टीम ने शिकायतों की निगरानी, समय-सीमा का पालन और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनता की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बागपत पुलिस ने इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और समय पर उसका निस्तारण किया। शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि को भी विशेष महत्व दिया गया, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है। इस सफलता पर पुलिस के अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बागपत पुलिस इसी तरह ईमानदारी और दक्षता के साथ कार्य करती रहेगी। पुलिस ने यह भी दोहराया कि वह जनपद की जनता की सुरक्षा, सेवा और सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।




## बुग्गी से बाईक टकराने पर बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर गेटवे स्कूल के पास मंगलवार को बुग्गी से बाइक टकराकर गई। हाइसे में बाइक पर सवार दंपति घायल हो गया। राहगीर विकास शर्मा निवासी फजलपुर ने दंपति को ई-रिक्शा से निजि अस्पताल में भर्ती कराया।

नीटू पुत्र हरबीर और उनकी पत्नी दीपा निवासी बुढाना हाल निवासी गौरीपुर मंगलवार को बाइक से दवा लेने के लिए बागपत आ रहे थे। जब वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गेटवे स्कूल के सामने पहुंचे तो उसकी बाई भैंसा-बुग्गी से टकरा गई। हादसे के बाद बाइक का संतुलन बिगड़ने से दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गया। वहां से गुजर रहे फजलपुर के विकास ने घायलों को ई-रिक्शा से बागपत के अस्पताल में भर्ती कराया। दीपू ने बताया कि वह दो साल से गौरीपुर में किराये के मकान में रहता है। वह एक भट्टे पर काम करता है, जबकि उसकी पत्नी दीपा हरियाणा में खेतों में मजदूरी करती है। हादसे के बाद हाईवे पर वहां से गुजर रहे लोगों की खीड़ लग गई।



## तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन पर दे विशेष ध्यानः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के संबंध में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा भूजल स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जाए तथा शील्ड कैप्चर लगाए जाने की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, ऐसे में जल संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने जनपद के तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि तालाबों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे वर्षा जल का संचयन बेहतर ढंग से हो सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जनपद में प्रस्तावित योजनाओं और कार्यों की जानक. ारी दी। जिला. धिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं तथा आमजन को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## जनपद में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में चलाए जा रहे सात दिवसीय सघन प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के प्रथम दिन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा 05 ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए तथा 04 ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध किया गया। इनमें से 02 वाहन खनन सामग्री का परिवहन करते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध निरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए उन्हें खनन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त यात्री/माल कर अधिक. ारी संदीप कुमार जायसवाल द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान 02 ओवरलोड वाहनों के चालान तथा 02 ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि जनपद में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कहीं भी ओवरलोड अथवा बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित पाया जाता है, जो परिवहन नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और परिवहन नियमों का पालन कराया जा सके।



## एक नजर

### सात दिन बाद कब्र से निकाला गया महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के गांव भंकरपुर बसेला में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामले में डीएम के आदेश पर पुलिस ने कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पति की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने के आदेश जारी किए थे। गांव भंकरपुर बसैला में तीन मार्च को 55 वर्षीय अनवरी बेगम की मौत हो गई थी। बताया गया है कि अनवरी बेगम के शव को तत्काल दफना दिया गया।जानकारी के अनुसार गांव निवासी अनवार खान ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पत्नी अनवरी बेगम की 3 मार्च 2026 को अचानक मौत हो गई थी। इसके बाद उसी दिन गांव के कब्रिस्तान में उन्हें दफना दिया गया था। बाद में गांव में हो रही चर्चाओं के चलते मौत पर संदेह जताया गया। आवेदक ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे आमिर की पत्नी हिना के पड़ोसी आदिल पुत्र नसरूद्दीन से अवैध संबंध थे। मृतका अनवरी बेगम इस बात का विरोध करती थीं। इसी कारण शक जताया जा रहा है कि उनका मुंह तकिये से दबाकर हत्या की गई हो सकती है। इसी को लेकर मंगलवार को डीएम के आदेश पर महिला के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाए और चिकित्सकीय टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाए। फिलहाल पुलिस प्रशासन द्वारा महिला के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### 471 जोडों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा पीलीभीत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उप्रसंजय सिंह गंग. वार, ब्लाक प्रमुख मरौरी अजय गंगवार, ब्लाक प्रमुख अमरिया श्याम सिंह उर्फ निशान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर, जिलाधिक. ारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई आदि द्वारा सामूहिक विवाह नवीन मण्डी समिति परिसर पीलीभीत में सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में 505 में से 471 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 131 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए। इस दौरान राज्यमंत्री संजय गंगवार, जिलाधिकारी एवं अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार सामग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव विवाहितों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दें और योजनाओं से लाभान्वित करें।

### पूरनपुर में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की मनमानी पर उठे गंभीर सवाल

**पीलीभीत।** पूरनपुर क्षेत्र में इन दिनों अल्ट्रासाउंड सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह सामने आ रही है कि कई सेंटर डॉक्टरों के नाम और कागज़ों पर लाइसेंस लेकर चलाए जा रहे हैं, जबकि मौके पर डॉक्टर मौजूद नहीं रहते। अधिकांश स्थानों पर टेक्नीशियन के सहारे ही अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं, जो सीधे-सीधे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ माना जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पूरनपुर साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आने वाले मरीजों को कुछ अल्ट्रासाउंड सेंटरों के लोग मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने-अपने सेंटरों तक ले जाते हुए देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई सेंटरों के व्व्व या उनसे जुड़े लोग सुबह से ही सीएचसी परिसर में कुर्सी डालकर बैठ जाते हैं और जैसे ही कोई मरीज अस्पताल में आता है, उसे तरह-तरह के लालच देकर अपने सेंटर पर ले जाने की कोशिश की जाती है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक फोटो भी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें उत्तम डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर, पूरनपुर के व्व्व बताए जा रहे गुलाम वारिस को सीएचसी परिसर में कुर्सी डालकर बैठे हुए दिखाया गया है। यह तस्वीर कई गंभीर सवाल खड़े करती है कि आखिर सरकारी अस्पताल परिसर में इस तरह मरीजों को फुसलाकर निजी सेंटरों तक ले जाने की अनुमति किसने दी? सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन डॉक्टरों के नाम पर इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों के लाइसेंस जारी किए गए हैं, क्या वे वास्तव में सेंटर पर बैठते भी हैं या नहीं? अगर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग निष्पक्ष जांच करे तो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पूरी सच्चाई सामने आ सकती है डॉक्टर सेंटर पर कब आते हैं, कितनी देर बैठते हैं और वास्तव में अल्ट्रासाउंड कौन कर रहा है। इस पूरे मामले में जब स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी से बात करने की कोशिश की जाती है तो उनका जवाब भी कई सवाल खड़े कर देता है।

## चोरी की 6 मोटरसाइकिल बरामद, दो युवक पकडे

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने चोरी की छह मोटरसाइकिल बरामद की हैं। चोरी के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से मास्टर चाबी, तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। थाना गोवर्धन पुलिस ने मंगलवार को सकरवा बाईपास पर सकरवा चौराहा थाना गोवर्धन से रवि पुत्र सीताराम निवासी हयातपुर थाना खोह जिला डींग राजस्थान व अरबाज पुत्र बशीर निवासी ग्राम रून्ध थाना खोह जिला डींग राजस्थान को गिरफ्तार किया। इनके निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चुरायी गयीं छह मोटर साइकिल बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों युवकों का इससे पहले कोई आपराधिक रिकार्ड संज्ञान में नहीं आया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर थाना गोवर्धन, निरीक्षक मनोज कुमार उज्ज्वल, एसआई कृपाल सिंह, एसआई चौधरी सतेन्द्र सिंह आदि रहे।



## युवा डॉक्टर देश के विकास में योगदान दें : राज्यपाल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान (वेटेरिनरी कॉलेज) में मंगलवार को 15वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक और उपाधियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों में नया जोश भरा। उन्होंने कहा, "मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीला स्थली है, लेकिन वर्तमान में आपका समय श्रीकृष्ण की लीलाओं पर ध्यान देने का नहीं, बल्कि अपनी पढ़ाई और करियर पर एकाग्र होने का है। जब आप पूरी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करेंगे, तभी सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने युवा डॉक्टरों से अपील की कि वे देश के विकास में योगदान दें और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं पहुंचाएं।



समारोह में राज्यपाल के साथ भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ. नवीन बी. महेश्वरप्पा और पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने उपाधियां वितरित कीं।

**समारोह में मिली उपाधियां**

राज्यपाल के हाथों 69 बीवीएससी, 74 स्नातकोत्तर, 5 पीएचडी और 29 बायोटेक्नोलॉजी की उपाधियां दी गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 14 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक से नवाजा गया। स्नातकोत्तर के 4 और पीएचडी के 1 सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध (जीमेपे) के साथ ही 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार' भी प्रदान किया गया। इस दौरान तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों का अनावरण भी हुआ।

**राज्यपाल ने मंच से थपथपाई डीएम की पीठ**

दीक्षांत समारोह के दौरान एक दिलचस्प वाकया तब हुआ जब राज्यपाल ने मंच से ही मथुरा के जिलाधिकारी सीपी सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकारी सुविधाओं पर हर जरूरतमंद का हक है। राज्यपाल ने विशेष रूप से उल्लेख किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रबंध निदेशक ने सुनीं उपभोक्ताओं की समस्याएं

## संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत ऊर्जा भवन में जन-सुनवाई का आयोजन, 30 शिकायतों पर हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत, डिस्कांम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ मे उपभोक्ता जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन-सुनवाई प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जन सुनवाई का उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को सीधे सुनकर, उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

जन-सुनवाई मे मेरठ सहित आस-पास के जनपदों से, आए उपभोक्ताओं द्वारा बिलिंग, मीटर, पीडी एवं नये संयोजन से संबंधित कुल 30 शिकायतें प्रस्तुत की गई। प्राप्त शिकायतों में से कई का मौके पर ही समाधान कर, उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई जबकि शेष मामलों के निस्तारण हेतु, संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा मे, कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



जन-सुनवाई के दौरान यह भी निर्देशित किया गया की उपभोक्ता शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, जनावदेही एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये, साथ ही जिला एवं मण्डल स्तर पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर, उन्हें समयबद्ध रूप से हल करने पर, विशेष जोर दिया गया है। विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से, प्रत्येक मंगलवार को जन-सुनवाई एवं उपभोक्ता सेवा शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। जन-सुनवाई के अवसर पर डिस्कांम के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी निदेशक संजय जैन (वाणिज्य), आशु कालिया (कार्मिक एवं प्रशासन), एन.के. मिश्र निदेशक (तकनीकी), स्वतंत्र कुमार तोमर (वित्त)। मुख्य अभियंता देवेन्द्र चन्द्र वर्मा, पी.के. सिंह, मौ. सगीर, गुलाब सिंह, मुनीश चोपड़ा, गुरजीत सिंह मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अनुराग भल्ला, अभिषेक सिंह, मौ. अरशद (अधीक्षण अभियंता), सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर, प्रशांत सोनी, सौरभ मंगला, महेश कुमार, नवी सिंह संजीव गुप्ता एवं अन्य अधिशासी अभियन्ताओं ने भी जन सुनवाई में सक्रिय योगदान दिया।

## वार्ड 16 के विकास कार्यो के लिए भावी प्रत्याशी ने की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जैसे-जैसे क्षेत्र पंचायत चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे हर प्रत्याशी अपनी जी तोड़ मेहनत से क्षेत्र में लोगों से मिलजुल कर लोगों का सुख-दुख में खड़े हैं और पूर्व में हुए विकास कार्यों न होने से क्षेत्र में लोगों में चर्चा है। वहीं वार्ड 16 से सपा नेता भावी प्रत्याशी आयान सैफी लगातार क्षेत्र में लोगों से मिलजुल रहे और कई रास्तों का निर्माण भी उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मिलकर कराया और हाल ही में जानी खुर्द में रास्ते पर स्ट्रीट लाइट का भी काम उनके ही नेतृत्व में हो रहा है वहीं मंगलवार को जानी बस स्टैंड पर उन्होंने बताया कि वार्ड 16 में पिछले जिला पंचायत में विकास कार्य जो रुके हुए हैं उनका विकास पर लगातार मेहनत कर रहे हैं और आने वाले चुनाव में वह जी तोड़ मेहनत करेंगे और रुके हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे क्योंकि जनता अब बदलाव चाहती है। वार्ड 16 में अभी भी बहुत विकास होना बाकी है पिछली जिला पंचायत में विकास कार्यों से गांव वंचित रह गए हैं इस मौके पर सपा नेता मोनु तोमर ने भी चुनाव के बारे में चर्चा की और कहां की अबकी बार चुनाव रोचक होगा।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अगुवाई में पोस्ट बजट वेबिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सबका साथ सबका विकास लोगों की उम्मीदों को पूरा करना विषय पर पोस्ट-बजट वेबिनार 2026 का आयोजन किया गया। इसमें नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, बहुपक्षीय संस्थाओं, निजी संगठनों आदि को एक साथ लाकर केंद्रीय बजट 2026-27 की घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। यह वेबिनार सरकार की वार्षिक पोस्ट-बजट परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतिगत घोषणाओं को एक्शनेबल इम्प्लीमेंटेशन फेमवर्क में बदलना है। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बजट भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने और विकसित भारत के लिए ह्यूमन कैपिटल को मजबूत करने का रोडमैप प्रदान करता है। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने भी उद्घाटन सत्र में भाग लिया। समापन सत्र में उन्होंने भारत की विकास यात्रा में केयर इकोनॉमी के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा केयर इकोनॉमी भारत के लिए सामा. जिक प्राथमिकता होने के साथ-साथ एक आर्थिक अवसर भी प्रस्तुत करती है। बजट में 1.5 लाख मल्टीस्किल्ड केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने की घोषणा के माध्यम से हम एक ऐसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम बना रहे हैं जो हेल्थकेयर, वेलनेस और असिस्टिव टेक्नोलॉजी को एक साथ जोड़ता है, साथ ही सम्मानजनक रोजगार के अवसर, विशेषकर महिलाओं के लिए सृजित करता है।

## जिला पूर्ति अधिकारी ने की बैठक

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी मेरठ ने बताया कि आमजनहित के दृष्टिगत मंगलवार को उनकी आध्यक्षता में आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल (एलपीजी) विपणन/आपूर्ति शाखा के समस्त क्षेत्रीय बिक्री अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। समस्त बिक्री अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद मेरठ स्तर के समस्त एलपीजी उपभोक्ताओं को एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति शत-प्रतिशत करायी जा रही है। ऑयल कम्पनियों के स्तर से एलपीजी गैस के भण्डारण एवं आमजन को उपभोक्ताओं कनेक्शनों के सापेक्ष एलपीजी आपूर्ति हेतु पर्याप्त भण्डारण है। वर्तमान में समस्त एलपीजी उपभोक्ताओं को एलपीजी रिफिल प्राप्त किये जाने के उपरान्त 25 दिनों के पश्चात ही अग्रिम एलपीजी रिफिल की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। समस्त एलपीजी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह संबंधित अधिकृत एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से मोबाईल के द्वारा अथवा स्मार्ट बु. कंग मोड ऐप के माध्यम से गैस रिफिल बुक कराकर नियमानुसार गैस रिफिल प्राप्त करें तथा अग्रिम एलपीजी रिफिल बुकिंग 25 दिनों बाद ही करें।

# 14 मार्च को ऊर्जा भवन सभागार में आयोजित होगी पेंशन अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार, सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/ पारिवारिक पेंशन से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार 14 मार्च को प्रात: 11 बजे डिस्कांम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ के सभागार मे, पेंशन अदालत का आयोजन किया जाऐगा।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु, पेंशन अदालत जैसी विशेष पहल की गई है। पेंशन अदालत के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। पेंशन अदालत का उद्देश्य सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराना है। पेंशन अदालत मे पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन से जुडी शिकायतों की सुनवाई होगी, इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेशन/पारिवारिक पेंशन पर सुनवाई होगी। पेशन अदालत में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण वर्तमान नियमों के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर किया जाऐगा।

डिस्कॉम द्वारा पेंशन संबंधी मामलों के पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखेगें इस संबंध में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है की वह अपनी शिकायतों से संबंधित आवश्यक अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

पेंशन अदालत का आयोजन सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिस्कॉम अपने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

## सर्किट हाऊस में आज होगी महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से मीनाक्षी भराला, मनीषा अहलावत, डा. हिमानी अग्रवाल, सदस्या उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा 11 मार्च (आज) को पूर्वान्ह: 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई मे लिखित शिकायत पत्र के साथ उपस्थित हो।

# सशक्त नारी की श्रेणी में मानी जा सकती हैं कु. रश्मि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अभी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस गया है। इस अवसर पर बहुत सारी महिलाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है लेकिन कुछ महिलाएं ऐसी भी होती हैं जो अपने मुंह तो नहीं कह सकती कि मैं सशक्त हूं परन्तु वास्तव में वह सशक्त श्रेणी में ही आती हैं। महानगर में चार से पांच अपर नगर मजिस्ट्रेट अपनी सेवाएं देते हैं। इनमें वर्तमान में दो महिलाएं भी हैं। मृणाल पाण्डेय और कु. रश्मि। पाण्डे तो अभी कुछ ही समय पूर्व जनपद में आई हैं लेकिन कु. रश्मि काफी समय से जनपद में अपनी सेवाएं दे रही हैं। न्यायालय में उनका नजरिया कैसा है इसकी जानकारी नहीं है लेकिन जिस समय उनकी ड्यूटी ज्ञापन लेने में थी तो वह बड़े से बड़े अड़ियल नेताओं से बहुत ही सहजता से ज्ञापन लेकर आ जाया करती थीं। कार्यक्रम में जातीं और हाथ जोड़कर कहतीं मैं आपकी छोटी बहन एसीएम रश्मि हूं बताओं मेरे लिए क्या आदेश है। सामने वाला एक तो सहज पहनावा देखकर और दूसरे उनका व्यवहार देखकर कितना भी अड़ियल होता था ज्ञापन दे ही देता था। कचहरी में पैदल घूमने के अलावा गले से लेकर पैरों तक का कुर्ता पहनना उनके शालीन पहनावे का परिचायक है और प्रदर्शन किसी भी संगठन का हुआ उससे ज्ञापन हासिल कर लाना कु. रश्मि की पहचान मानी जाती है।

गौरतलब है अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्वभर में महिलाओं को सम्मान देने के लिए और उनके द्वारा किए गए कार्यों को नमन करने के लिए आयोजित किया जाता है। भारत में भी 1995 में पी.बी. नरसिम्हा राव सरकार ने राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की और पूर्व राष्ट्रपति वराह वैंकेट गिरी की बेटी मोहिनी गिरी भारत के पहले राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बनी। इसके बाद भारत में नारी उत्थान की तरफ एक विशेष आकर्षण देखा गया जहां महिलाओं ने खुद को साबित करने की कोशिश की तो पुरूषों ने भी उनके सपोर्ट दिया। शाह टाइम्स भी प्रमुखता से साहसिक महिलाओं को सम्मान देता रहा है।

# लंबित भुगतानों से नाराज शिक्षक, बीएसए कार्यालय पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मंगलवार से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने की घोषणा की है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार 10 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजे के बाद शिक्षक बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशौदिया और जिला मंत्री नीरज चौधरी ने बताया कि जनपद के शिक्षकों के कई महत्वपूर्ण भुगतान लंबे समय से लंबित हैं, जिससे शिक्षकों में भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का एरियर महीनों से लेखाधिकारी स्तर पर लंबित है, लेकिन अब तक उसका भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा नई पेंशन योजना की धनरा. शि भी शिक्षकों के प्रान नंबर में प्रदर्शित नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावलियां भी अपूर्ण पड़ी हैं, जिससे उन्हें समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं जीपीएफ को अभी तक ऑनलाइन नहीं किया गया है और शिक्षकों को लेखा पर्ची भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जनपद बनने के बाद से सामूहिक बीमा का भुगतान भी नहीं किया गया है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता, अंतर्जनपदीय शिक्षकों के बोनस और चयन वेतनमान सहित कई अन्य मांगें भी लंबित हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए 23 फरवरी को लेखाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देकर 15 दिन के भीतर समाधान करने की मांग की गई थी। चेतावनी दी गई थी कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय में समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित प्रगति नहीं हुई, जिसके चलते संगठन ने धरना देने का निर्णय लिया है। संघ ने जनपद के अधिक से अधिक शिक्षकों से धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## कूटरचित दस्तावेजों से करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** निर्माणाधीन जिला कारागार में सामग्री की सप्लाई के दौरान कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कंपनी से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना हाफिजपुर पुलिस ने वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना हाफिजपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 03/2026 के तहत आरोपी लंबे समय से वांछित चल रहा था। उस पर निर्माणाधीन जिला कारागार में सामग्री की सप्लाई के दौरान फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैगमाइन कंपनी से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कंपनी को झांसे में लेकर गलत दस्तावेजों के आधार पर आर्थिक लाभ उठाया। मामला उजागर होने के बाद कंपनी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना हाफिजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुलंदशहर-हापुड़ हाईवे स्थित अकड़ौली मंदिर के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अकिंत पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी ग्राम छापर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है और पूरे प्रकरण की गहन जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रा के अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत भोवापुर मस्तान नगर के एक सरकारी स्कूल में जा रही एक छह वर्षीय बच्ची को अगवा करने का का प्रयास का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए युवक ने बताया कि दोनों बहन सड़क पर चल रही थी, इसलिए उसने उनको सड़क से हटा दिया था। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

स्कूल में पढ़ने वाली दो बहनें मंगलवार की सुबह को स्कूल जा रही थी। जैसे ही वह स्कूल से कुछ दूरी पर स्थित नहर पर पहुंची तो नहर के पास एक अज्ञात युवक ने दोनों बहनों का हाथ पकड़ कर सड़क से नीचे उतार दिया। इसी दौरान लोगों ने उसको अपहरणकर्ता समझ लिया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्राओं को थाने लेकर युवक से पूछताछ करने लगी। प्रथम पूछताछ में युवक ने बताया कि दोनों छात्राएं सड़क के बीच में चल रही थी, उनके साथ कोई हादसा न हो इसलिए उसने उनको सड़क से हटा दिया। पुलिस युवक से गहनता से पूछताछ कर रही है।

## घर में घुसकर महिला पर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला सेगे वाले में रहने वाली महिला ने पड़ोसी पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगायाहै। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी राखी ने बताया कि उनका पड़ोसी का परिवार आए दिन किसी न किसी बात को लेकर उनके परिवार के लोगों से कहा. सुनी करता है। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व आरोपी पड़ोसी उसके घर में घुस आए और हमला कर उनको घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झगड़े के मामले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला आदर्श नगर में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े और मारपीट के मामले में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार एक दिन पूर्व मोहल्ला आदर्श नगर में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया था। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मामले में शिकायत के आधार पर थाना गढ़मुक्तेश्वर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में नामजद और वांछित चार आरोपितों को मोहल्ला आदर्श नगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों की पहचान जुल्फिकार पुत्र इंसाफ अली, हैदर अली पुत्र रियाज अली, अरकम अली पुत्र रियाज अली और नसीम पुत्र अनवर अली निवासी मोहल्ला आदर्श नगर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की सतर्कता से टली वारदात, युवक से अवैध चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार थाना सिम्भावली पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम नवादा कला स्थित नहर पुल के पास पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान संजीत पुत्र झगड़पाल निवासी ग्राम भोवापुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया।

# एनएसएस शिविर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के रेलवे रोड़ स्थित चौधरी महेन्द्र सिंह डिग्री कॉलेज द्वारा गांव चक लढीरा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती वंदना और एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ की।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अपने परिवार व आसपास के पात्र मतदाताओं को भी मतदान केंद्र तक जाने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही स्वयंसेवकों ने शासन द्वारा संचालित एसआईआर योजना की भी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। भोजन के बाद द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत और उसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर सहायक आचार्य पंकज कुमार शर्मा, प्रिंस चौधरी तथा स्वयंसेवक पलक शर्मा, सरस्वती, अंजुम शाहिया, लवली चौहान, रोहित, मनीष, दीपांशु यात्री सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी व्यक्ति ने बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी तालिब ने बताया कि दो दिन पूर्व उनके बच्चों की पड़ोसी के बच्चों से कहासुनी हो गई। उस समय आस पास में मौजदू लोगों ने बच्चों को समझा कर घर भेज दिया। लेकिन कुछ देर के बाद पड़ोसी उनके घर आया और गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उनके साथ चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दहेज में पांच लाख की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है थाना क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 16 फरवरी 2023 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव में हुआ था, विवाह में उसके पिता ने करीब सात लाख रुपये खर्च किए थे।

## संतान पर लगाया पिटाई करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला सेगे वाला निवासी सविता ने बताया कि उनका बेटा आए दिन परिवार क्लेश करता है। पीड़िता ने कई बार उसको ऐसा करने से मना किया लेकिन बेटे की आदत में सुधार नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व उसके बेटे ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जेठ पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव नयाबांस निवासी महिला ने अपने जेठ और जेठानी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी भोता देवी ने बताया कि उनके पति की मौत हो गई है। उनके दो बच्चे है, अब वह देवर के साथ रहती है। इसको लेकर उसका जेठ उसके हिस्से की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा का प्रयास कर रहा है। पीड़िता ने दो दिन पूर्व जेठ को ऐसा करने से मना किया तो आरोपी जेठ ने उसको पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीआरपीएफ का मेगा रक्तदान शिविर: जवानों ने दिखाई सेवा और मानवता की मिसाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए समर्पित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने अपनी टैगलाइन "सेवा और निष्ठा" को चरितार्थ करते हुए ग्रुप केन्द्र रामपुर के रंगशाला भवन में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और मानवता की सेवा का संदेश दिया।

**विधायक और डीआईजी ने बढ़ाया उत्साह**

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि यह बल न केवल देश की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाता है, बल्कि समाज सेवा में भी हमेशा आगे रहता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे कार्य लोगों के जीवन को बचाने का माध्यम बनते हैं और जवानों की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर डीआईजी ग्रुप केंद्र पूर्ण सिंह धर्मशक्ति ने स्वयं रक्तदान कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है और यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने जवानों से समाज सेवा के ऐसे कार्यों में लगातार भाग लेने का आह्वान किया।

जवानों में दिखा उत्साह

रक्तदान शिविर में सुबह से ही जवानों में उत्साह देखने को मिला। युवा रंगरूटों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक सभी इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए कतार में खड़े नजर आए। एक जवान ने कहा, "वर्दी पहनकर देश की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और रक्तदान के माध्यम से किसी की जान बचाना हमारा सौभाग्य।"

चिकित्सा शिविर भी आयोजित

इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सीडब्ल्यूए (डॅा।) अध्यक्ष रेखा सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरकारी अस्पतालों, निजी संस्थाओं के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में सहायक कमांडेंट पुरुषोत्तम जोशी, रणवीर सिंह, अवधेश पांडे सहित 42 जवानों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी भागीदारी निभाई। इस पहल की शहर भर में सराहना की जा रही है और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। अगर आप चाहें तो मैं इसी खबर का और ज्यादा प्रभावशाली अखघ्बार हेडलाइन (फ्रंट पेज स्टाइल) भी बना सकता हूँ, जिससे खबर और दमदार लगे।

# टांडा के एक मात्र स्वतंत्रता सैनानी वफाउर्रहमान जामई का 112 जन्म दिन

## देश की आजादी के लिए गए जेल व खाईं अंग्रेजों की गोलियां

अंग्रेजों के खिलाफ सत्येग्रह के दोरान हुए गिरफ्तार, काटी लाहौर जेल मे 6 माह की सजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** नगर के एक मात्र स्वतंत्रता सैनानी वफाउर्रहमाम जामई का जन्म 10 मार्च 1915 को टांडा रामपुर के एहले इल्म घराने में हुआ था। इनके पिता हकीम मौलाना अब्दुल रहमान कासमी साहब टांडा रामपुर के पहले आलिम फाजिल थे। बचपन में पिता का साया सर से उठ जाने के कारण वफा साहब की परवरिश उनके बड़े भाई हकीम प्रोफेसर मौलाना अताऊर्रहमान कासमी और मँझले भाई हकीम मौलाना फिदाऊर्रहमान कासमी ने की इनकी शुरुआती शिक्षा मदरसा जामिया अरबिया रहमानिया टांडा में हुई। उसके बाद जब इनकी उम्र तकरीबन 10 या 12 साल हुई तब इनके दोनो बड़े भाई हकीम मौलाना अताईमान कासमी और हकीम मौलाना फिदार्रहमान कासमी इनको दारुल उलूम देवबंद ले गए, वहां वफा साहब ने तीन साल तक दीनी शिक्षा प्राप्त की शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद रामपुर से कामिल की परीक्षा पास कर 1935 में वफा साहब का प्रवेश इनके बड़े भाई ने मदरसा आलिया फतेहपुरी देहली में कराया दिया अदीब और फाजिल की परीक्षा पंजाब यूनिवर्सिटी से पास की। वफा साहब 1937 से 1947 तक सदर जम्हूरिया डॉक्टर जाकिर हुसैन की सरपरस्ती और निगरानी में जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में काम किया।

आजादी की जद्दोजहद के साथ साथ जामिया मिल्लिया में शोबा ष्तालीम ए बलिगानष शिक्षा की भी जिम्मेदारी वफा साहब के पास रही हुकूमते बरतानिया के दौर में पुलिस की लाठियां भी खाई। 1939 में सेवाग्राम वार्धा एजुकेशन में श्रीमती इंद्रा गांधी की सरपरस्ती में 41 दिन तक सोशल कामों की ट्रेनिंग हासिल की। 10 अगस्त 1942 में षहिंदुस्तान छोड़ो तहरीकष का आगाज हुआ, उस तहरीक को कुचलने के लिए 9 अगस्त 1942 को सभी लीडरान मुंबई में गिरफ्तार कर लिया गये।

करोल बाग कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी की हैसियत से आपने जुलूस की कयादत और रहनुमाई की, खारी बावली देहली में अंग्रेजों की अंधाधुंध फायरिंग में पाऊं में गोली लगी, आप के दो साथी गोली खाते ही मौके पर ही शहीद हो गए और वफा साहब का 6 माह तक इलाज खारी बावली में डॉक्टर प्रेम जी के यहां छिप कर हुआ। शिक्षा प्राप्त करने के दौरान ही 1932 में अंग्रेजों के खिलाफ ष्मजलिसे अहरारष के वॉलिंटियर की हैसियत से सत्येग्रह करते हुए गिरफ्तार हुए और 6 माह की सजा सेंट्रल जेल लाहौर में काटी।

जेल में रहने के कारण इनकी माता की रोते रोते आंखों की रोशनी चली गई और बेटे के गम में मृत्यु हो गई। आजादी के दिनों में वफा साहब का ताल्लुक गांधी जी, पंडित जवाहरलाल नेहरू,डॉक्टर जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद मौलाना अबुल कलाम आजाद व दीगर बड़े स्वतंत्रता सेनानियों से अच्छे संबंध रहे। 15 अगस्त 1947 को मुल्क आजाद होने के बाद अगस्त के आखिरी हफ्ते में हिंदुस्तान का बटवारा होने की वजह से फसादत और दंगे भड़क गए और वफा साहब भी इस दंगे के शिकार हो गए 5 सितंबर 1947 को जुमा के दिन मोहल्ला सैदपुरा करोलबाग देहली के सब लोग फसाद की चपेट में आ गये नतीजा यह हुआ कि वफा साहब भी नंगे पैर और नंगे सर खाली हाथ जान बचाकर मौलाना हिफजुर्रहमान साहब की मदद से मटिया महल पनाह गजी कैंप में आ गए। पौने दो महीने कैंप में रहे जब कर्फ्यू में ढील हुई तो डॉक्टर जाकिर हुसैन साहब और मौलाना हिफजुर्रहमान सेहारवी कि मदद से फौज की हमराही अपनी अहिल्या ष्तोहफा बेगमष का पता लगाकर किशनगंज पनाह गजी कैंप से ढूंढकर मटिया महल लाए और 27अक्टूबर 1947 को रफी अहमद किदवई साहब ( जो उस वक्त ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर) थे उनकी मदद से एक फौजी ट्रक के जरिए गाजियाबाद आए और गाजियाबाद से पुलिस की निगरानी में अपने वतन टांडा रामपुर वापिस आ गए। वफा साहब को कांग्रेस पार्टी ने 1948 से 1953 तक रामपुर स्टेट में डस। बनाया गया 1953 से 1977 तक लगातार 25 साल टांडा के पालिका अध्यक्ष रहे और साथ ही साथ बहुत सारी सियासी समाजी तंजीमो से जुड़े रहे। अंजुमन तरक्की उर्दू और जमीयत उलामाए हिंद जैसी महत्वपूर्ण तंजीम से आखरी दम तक जुड़े रहे। 5 जून 1990 को वफा साहब का देहान्त हो गया इनकी नमाज जनाजा इनके बड़े भाई हकीम मौलाना अताउर्रहमान कासमी ने टांडा के बड़े कब्रिस्तान में पढ़ाई। इन्होंने अपने पीछे 3 पुत्र और चार पुत्रियां छोड़ी। वफा उरहमान जामई स्वतंत्रता सेनानी का 112 जन्म दिन पर उनके घर के सभी लोगों ने कलाम पाक पढ़ कर उनके लिए दुआएं मगफिरत की। इस अवसर पर छोटे बेटे सईदज्जफर रहमानी डॉक्टर असद रहमानी नावेद रहमानी जुनेद रहमानी फरीद रहमानी निहाद रहमानी कहकशा रहमानी सरताज जहां रहमानी अफीफा रहमानी फहद रहमानी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में महिला पर हमला, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला पर हमला किया गया। महिला को गाली-गलौज के बाद लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।यह घटना 1 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1 बजे बरखेड़ा गांव के पास रास्ते में हुई। पीड़ित अतर कली पत्नी रतनलाल निवासी बरखेड़ा, शाहबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने देवर भोजराज के साथ थाने आई हैं।अतर कली के अनुसार, आकाश पुत्र चंद्रकेश और रेखा पुत्री चंद्रकेश निवासी बरखेड़ा, शाहबाद तथा टीटू और विष्णु पुत्र सोदान सिंह निवासी मुगरेजपुर, कुढ़फतेहगढ़, संभल ने उन्हें रास्ते में रोका। उन्होंने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू कर दी।जब अतर कली ने गालियों का विरोध किया, तो चंद्रकेश सहित अन्य आरोपियों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इस हमले में अतर कली को गंभीर चोटें आई हैं।पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शाहबाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिलासपुर लक्ष्मीनगर में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर, 115 लोगों की जांच

## चेतना सेवा संस्थान का स्वास्थ्य शिविर, 115 लोगों की जांच कर दी स्वास्थ्य सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बिलासपुर के लक्ष्मीनगर क्षेत्र में चेतना सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी के निर्देशानुसार एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई और विभिन्न संक्रामक बीमारियों की जांच की गई।

शिविर के दौरान एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी की मुफ्त जांच की गई।



इसके साथ ही सभी लोगों की टीबी स्क्रीनिंग भी की गई ताकि टीबी के संभावित मरीजों की समय रहते पहचान हो सके। स्वास्थ्य शिविर में कुल 115 लोगों की जांच की गई, जिसमें 2 व्यक्ति एचआईवी रिएक्टिव और 2 व्यक्ति हेपेटाइटिस-बी रिएक्टिव पाए गए। संबंधित मरीजों को आगे के इलाज और परामर्श के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर चेतना सेवा संस्थान के परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी, एम एंड ई फैजान कुरैशी, टीबी वार्ड स्टाफ, आईसीटीसी काउंसलर प्रदीप और हिमांशु, तथा डीएसआरसी से शकील सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व जागरूकता प्रदान की। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों की समय पर जांच और उचित उपचार से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करना था।

# शराब पीकर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने चार लोगों पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित रंजीत ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।रंजीत पुत्र बलवंत सिंह, निवासी मोहल्ला महुनागर, थाना शाहबाद ने अपनी शिकायत में बताया कि यह घटना 5 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन पुत्र विजय सिंह, कुंवरपाल पुत्र कन्हईलाल, संतोष पुत्री विजय सिंह और उषा पुत्री विजय सिंह, सभी निवासी ग्राम महुनागर, शराब के नशे में थे।रंजीत के अनुसार, इन चारों ने उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं। इसके बाद लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उनकी पिटाई की गई।पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद रंजीत शाहबाद थाने पहुंचे और अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# मसवासी में महिला और बेटी पर जानलेवा हमला, तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बाजपुर थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी निवासी विधवा सुखजिंदर कौर और उसकी बेटी अनुप्रीत कौर पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सुखजिंदर कौर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायत दी कि उनका खेत मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव चौहद्दा, कोसी नदी क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि उसी गांव के निवासी उलवंत दीप सिंह पुत्र लखविंदर सिंह, हरपाल सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह, और नरेंद्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने उसके खेत में खनन वाहन निकालने के लिए रास्ता बना लिया। 13 फरवरी को सुबह जब सुखजिंदर अपनी बेटी अनुप्रीत कौर के साथ खेत में रास्ता बनाने का विरोध करने पहुंची, तब आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और दोनों पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उलवंत दीप सिंह ने तलवार निकालकर हमला करने का प्रयास किया और अन्य आरोपी तमंचा निकालकर डराने लगे। बेटी अनुप्रीत ने चीख.पुकार की तो आरोपी उस पर भी दौड़े और सांस घोंटने का प्रयास किया। महिला और बेटी किसी तरह बचकर भाग निकलीं। क्षेत्राधिकारी अतुल पांडे के निर्देश पर थाना पुलिस ने उल्लेखित तीनों लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर से लापता हुए वृद्ध का शव खेत में मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पांच फरवरी को घर से लापता हुए वृद्ध का शव एक खेत में पड़ा मिला। शव काफी गल गया था। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद परिजनों को बुलाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आ सकेगी।

मामला मिलक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मजरा का है। यहां पर एक खेत में ग्रामीणों ने एक वृद्ध का शव पड़ा देखा। शव पुराना था और काफी गल गया था। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने ग्रामीणों से जब पूछताछ की तो शव की शिनाख्त रहरा निवासी मोहनलाल के रूप में की। जिस पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी तो वह भी मौके पर आ गए। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि वह अक्सर बिना बताए घर से चले जाते थे और कुछ दिनों बाद वापस लौट आते थे। होली के अगले दिन फिर वह बिना बताए घर से चले गए थे। परिजनों ने समझा कि पहले की तरह फिर लौट आएंगे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिलक कोतवाल का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# ताले तोड़कर लाखों के जेवर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बना लिया। ताले तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने लाखों रुपये के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। आंख खुलने पर जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिलक निब्बी पंजाबनगर का है। यहां पर रहने वाली आशा का कहना है कि कुछ दिनों पहले वह परिवार के साथ घर पर थी। रात खाना खाने के बाद परिजन सोने चले गए। रात किसी समय चोर उनके घर में ताले तोड़कर घुस आए। चोरों ने घर में रखा सोने का हार, चार चूड़ियां, झुमकी और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। जिनकी कीमत लाखों रुपये की है। सुबह जाग होने पर जब परिजनों ने सामान बिखरा देखा तो होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी मौका-मुआयना किया। आशा ने इस संबंध में सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है;

# नाबालिग का अपहरण कर जबरन किया था निकाह

## अब दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाला

## पीड़िता ने महिला थाने में ससुरालियों के खिलाफ कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** निकाह के लिए तैयार न होने पर काफी साल पहले कुछ लोगों ने नाबालिग का स्कूल के बाहर से अपहरण कर लिया। घर में कैद करने के बाद जबरन निकाह करा दिया। नाबालिग के परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई थी तब उस वक्त करीब दस लाख रुपये का दहेज भी दिया था। अब ससुराली महिला का दहेज के लिए उत्पीड़न कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले उसे बेटे के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसपी के आदेश पर इस संबंध में महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। गंज कोतवाली के मोहल्ला चामरान निवासी फिजा बी ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें उसका कहना है कि वर्ष 2012 में जब वह नाबालिग थी तब मोहल्ला पीपलटोला बुढ़िया की दुकान निवासी दानिश ने अपने परिजनों और बहनोईयों के साथ मिलकर स्कूल के बाहर से उसका अपहरण कर घर में कैद कर लिया था। परिजनों ने उसे उस वक्त काफी तलाश भी किया था। फिजा के अनुसार बाद में उसका निकाह दानिश के साथ जबरन करा दिया गया था। निकाह हो जाने के कुछ दिन बाद उसके मायके वालों को सूचना दी और कहा कि दहेज में जो देना है वह दे दो। उस वक्त मायके वालों ने करीब दस लाख रुपये का दहेज दिया था। इसके बाद भी वह लोग दहेज से खुश नहीं थे और कार की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2013 में उसने बेटे अयान को जन्म दिया। जिस पर ससुराली खुशी करने के नाम पर सोने के जेवर और साठ हजार रुपये की मांग करने लगे। इंकार करने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। फिजा का यह भी आरोप है कि पति का चाल-चलन ठीक नहीं हैं। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे मारपीट कर बेटे के साथ घर से निकाल दिया, तब से वह मायके में रह रही है। अब ससुराली पति का दूसरा निकाह कराने की बात कह रहे हैं। एसपी के आदेश पर महिला थाने में पति दानिश, उसके माता-पिता व बहनोईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय, जिला रामपुर

विविध उत्तराधिकार वाद सं0 26/2026

आविद अली खान उर्फ आविद खां आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र सद्दीक खान निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना शहजादनगर तहसील मिलक, जिला रामपुर हाल निवासी ग्राम दुर्गनगला थाना शहजादनगर तहसील सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0)...प्रार्थी

बनाम 1. साजिदा बेगम आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी भूरा खां पुत्री सद्दीक खां निवासी हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड

2. नरगिस बेगम आयु लगभग 46 वर्ष पत्नी महफूज पुत्री सद्दीक खां निवासी खुर्मो वाली जियारत थाना गंज, तहसील सदर जिला रामपुर।

3. रेशमा आयु लगभग 46 वर्ष पत्नी महफूज निवासी सद्दीक खां निवासी ईदगाह तहसील सदर जिला रामपुर।

4. गुलशन आयु लगभग वर्ष पत्नी अब्दुर्रहमान उर्फ गुड्डू पुत्री सद्दीक खां निवासी मो0 गफूर बस्ती हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड।

5. आम जनता...... (विपक्षीगण)

सूचना बनाम आम जनता

चूंकि आविद अली खान उर्फ आविद खां पुत्र सद्दीक खान निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना शहजादनगर तहसील मिलक, जिला रामपुर हाल निवासी ग्राम दुर्गनगला थाना शहजादनगर तहसील सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0) के द्वारा सिविल जज (जू0डि0) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-372 आई0एन0एक्ट के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी का सगा अविवाहित भाई साजिद खां पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम पैगम्बरपुर तहसील मिलक, जिला रामपुर हाल निवासी 53 घेर नज्जू खां, नियर लिटिल स्थान DUD पब्लिक स्कूल रामपुर (उ0प्र0) जिनका स्वर्गवास दिनांक 10.02.2026 को हो चुका है के नाम से बचत प्रथमा बैंक बजार नसरुल्ला खां रामपुर खाता सं0-87610139759315 में जमा धनराशि -637.80 रूपये+ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

अत: यह इस्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक-16.03.26 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी यहि जायेगी और निर्णित आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 10 माह 3 सन् 2026 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) रामपुर

# सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में रक्तदान शिविर, 42 यूनिट रक्त एकत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ग्रुप सेंटर रामपुर में 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर संयुक्त चिकित्सालय के सहयोग से एक विशेष रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक आकाश सक्सेना के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सीआरपीएफ रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक कमांडेंट (डॉ.) राजेश चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय रामपुर डॉ. प्रमोद सिंह तथा जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रखर त्रिपाठी सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

शिविर का संचालन जिला चिकित्सालय रामपुर के ब्लड बैंक स्टाफ तथा सीआरपीएफ अस्पताल के सहयोग से किया गया। इस दौरान जवानों और अधिकारियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया, जिसमें कुल 42 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के रक्तदान शिविर समाज में मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर

पत्रांक : 851 ई-निविदा सूचना दि. 10.03.2026

अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1 :- 34 / 2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड-बिलासपुर, रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के सापेक्ष भविष्य में विभिन्न कार्यों को कराने का कार्य (रनिंग टेण्डर)।
प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू० 50000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 25.03.2026 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2031 पर पहली बैठक, 39 गांव होंगे शामिल

## बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना चेयरमैन मोहन लाल सैनी भी हुए शामिल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2031 के संबंध में पहली बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मास्टर प्लान-2031 में जनपद के कुल 39 गांवों को शामिल किया गया है। इसमें तहसील सदर के स्वार रोड क्षेत्र के राजस्व ग्राम खौद, सींगनखेड़ा, जगतपुर, अहरौला, अलीगंज बेनजीर, किशनपुर (निकट अटरिया), अटरिया और पैगा को शामिल किया गया है।

इसी तरह बिलासपुर रोड क्षेत्र के केशरपुर, रहपुरा, मिलक हाशम, कोयला, कोयली, इन्द्री, इन्द्रा और भमरौआ को भी मास्टर प्लान में सम्मिलित किया गया है।

वहीं बरेली रोड क्षेत्र के मगरमऊ, अलीनगर जनूबी, रायपुर, मण्डैय्यान कल्लू, पट्टी कल्यानपुर, कल्यानपुर, अब्बास नगर, मण्डैय्यान रामजी, पसियापुर जनूबी, अहमद नगर थैगा, मिलक इच्छाराम, वजीरपुर, पंजाब नगर, थैगा, बिजईया, चिकना, फैजनगर, फतेहपुर, दनियापुर, शंकरपुर, मण्डैय्यान उदयराज, ककरव्वा और भण्डपुरा को भी योजना में शामिल किया गया है। अधिकारियों के अनुसार इन गांवों को मास्टर प्लान में शामिल किए जाने से क्षेत्र में नियोजित विकास, बेहतर आधारभूत ढांचा, सड़क, जल निकासी, आवासीय और व्यावसायिक सुविधाओं के विकास के लिए योजनाएं तैयार की जा सकेंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों और विभिन्न एसोसिएशनों से मास्टर प्लान-2031 के संबंध में सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, ताकि सभी पक्षों के विचारों को शामिल कर जनपद के संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रभावी योजना तैयार की जा सके।

# कल होगी महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसुनवाई होगी। जिसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करना है। ताकि पीड़ित महिलाओं को समय से न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि इस बार 11 मार्च को राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों, जैसे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न आदि प्रकरणों को सुना जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नगर सहित क्षेत्र की विधुत आपूर्ति आठ घन्टे रहेगी बन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विधुत आपूर्ति बुधवार की की सुबहा आठ बजे से शाम चार बजे तक बन्द रहेगी इसकी जानकारी अवर अभियन्ता श्याम लाल ने दी उन्होंने बताया कि टांडा से मसवासी आ रही 33 केवी लाइन के आस पास से पेड़-पौधों की डालियों की छंटाई एवं आवश्यक अनुरक्षण कार्य कराए जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

यह कार्य प्रात: 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक प्रस्तावित है। इस अवधि में संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंन उपभोक्ताओं से अपील कि कि निर्धारित समय के दौरान होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराया जा सके।

## कांग्रेस नेताओं ने गुलफिजा खान के घर पहुंचकर आईएएस बनने की दी मुबारकबाद

### गुलफिजा खान ने रामपुर का नाम पूरे देश ने किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता।**



**रामपुर:** कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक अफरोज अली खान के नेतृत्व में शाहबाद पहुंचकर गुलफिजा खान को यूपीएससी की परीक्षा पास करने पर मुबा. रकबाद दी कांग्रेस नेताओं ने कहा गुलफिजा खान ने शाहबाद के साथ साथ पूरे रामपुर का नाम रोशन किया है बिना कोचिंग लिये उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास की यह गौरव की बात है गुलफिजा खान ने समाज को भी यह संदेश दिया के महनत और लगन से किया गया कार्य हमेशा कामयाब होता है इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी, जिला महासचिव शप्पु अंसारी , नोमान खान, सलमान आदि मौजूद रहे-

## शाहबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायलय में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद** – थाना क्षेत्र से एक आरा. ेपी को गिरफ्तार किया है। अतुल कुमार उर्फ इन्दल नामक इस आरोपी को 10 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1:50 बजे बवनपुरी मोड़, रामगंगा पुल के पास से पकड़ा गया। उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई गई है। यह गिरफ्तारी एक मुखबिर की सूचना पर की गई। अतुल कुमार पुत्र सर्वेश, निवासी रूस्तमपुर, थाना शाहबाद, जनपद रामपुर के खिलाफ पहले से ही एक मामला दर्ज था। इस मामले में सर्वेश पुत्र भगवत और गौतम सिंह पुत्र भगवत, निवासी रूस्तमपुर भी नामित हैं यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह और क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकी नंदन के कुशल नेतृत्व में शाहबाद पुलिस द्वारा की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल कुमार और कांस्टेबल सुरेश कुमार शामिल थे।

## नगर सहित क्षेत्र की विधुत आपूर्ति आठ घन्टे रहेगी बन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी ।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विधुत आपूर्ति बुधवार की की सुबहा आठ बजे से शाम चार बजे तक बन्द रहेगी इसकी जानकारी अवर अभियन्ता श्याम लाल ने दी उन्होंने बताया कि टांडा से मसवासी आ रही 33 केवी लाइन के आस पास से पेड़-पौधों की डालियों की छंटाई एवं आवश्यक अनुरक्षण कार्य कराए जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह कार्य प्रात: 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक प्रस्तावित है। इस अवधि में संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंन उपभोक्ताओं से अपील कि कि निर्धारित समय के दौरान होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराया जा सके।

## युवती से छेड़छाड़ कर खुदखुशी करने को मजबूर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** युवती से छेड़छाड़ कर खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाले मुख्य आरोपी को शाहबाद पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में बीती 5 मार्च को 16 वर्षीय छात्रा का शव उसके घर के कमरे में लटका पाया गया था, जिसके बाद सोमवार को युवती के पिता राकेश ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर गांव के ही अतुल कुमार, सर्वेश और गौतम पर उसकी बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। छात्रा के पिता का आरोप था कि तीनों लोगों की छेड़छाड़ से तंग आकर उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर तीनों लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंगलवार को विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी अतुल कुमार उर्फ इंदल पुत्र सर्वेश निवासी रुस्तमपुर थाना शाहबाद को मुखबिर की सूचना पर बवनपुरी मोड़ के रामगंगा पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि रहे।

## पति दानिश ने कल फिजा पर गंभीर आरोप लगाते हुए की थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** इस मामले में पति दानिश ने कल फिजा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उस पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उसने दावा किया था कि फिजा ने अपनी मर्जी से तलाक लिया है और अब बेवजह उसके परिवार को परेशान कर रही है। सोमवार को दानिश ने एसपी से शिकायत करते हुए फिजा पर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। सोमवार को पति दानिश खां अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा था। यहां पर उन्होंने बताया कि उसका निकाह वर्ष 2011 मे मोहल्ला तीतरवाली पाखड़ निवासी फिजा के साथ हुआ था। उसके एक बेटा भी हुआ। कुछ समय बाद उसकी पत्नी का रवैया बदलने लगा और वह किसी व्यक्ति से फोन पर बात करती। विरोध करने पर झगड़ा करती और मायके चली जाती। दानिश के अनुसार वर्ष 2021 में फिजा ने उससे तलाक देने को कहा। इसके बाद पंचायत में सभी गवाहों के सामने उसने तलाक दिया जिसे फिजा ने मंजूर किया था। पंचायत में करीब 655000 रुपये देकर फिजा को मुक्त कर दिया। दानिश के अनुसार इसके बाद भी वह उसे परेशान करने लगी। कहने लगी कि उसने कोई तलाक नहीं ली है और न ही पैसे मिले हैं। इस संबंध में उसने शिकायती प्रार्थना पत्र देने शुरू कर दिए। दानिश के अनुसार सात मार्च को उसके पास महिला थाने से फोन आया और बताया कि दानिश, उसके माता-पिता और बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। इसकी जानकारी होने पर उसके पिता को हार्ट अटैक आया और उनकी जान चली गई।

## राम रहीम पुल की मरम्मत जारी, छह पिलरों की बेयरिंग बदली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। शहर के महत्वपूर्ण राम रहीम पुल की मरम्मत का कार्य इन दिनों तेजी से जारी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से पुल की मरम्मत कराई जा रही है। राहत की बात यह है कि अभी तक पुल पर वाहनों का आवागमन बंद नहीं किया गया है और बिना रूट डायवर्जन के ही मरम्मत का काम चल रहा है।

होली से पहले शुरू हुए इस कार्य के पहले चरण में पुल के पिलरों में लगी बेयरिंग को बदलने का काम किया जा रहा है। अब तक छह पिलरों की बेयरिंग बदली जा चुकी है, जबकि कुल 14 बेयरिंग बदली जानी हैं। यानी अभी आठ बेयरिंग बदलने का कार्य शेष है।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल बेयरिंग बदलने का काम जारी है और इसे निर्धारित समय के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 20 मार्च के बाद पुल के मरम्मत कार्य का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर पाबंदी लगाई जा सकती है।

मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पुल की संरचना अधिक सुरक्षित और मजबूत हो जाएगी, जिससे शहर के लोगों को लंबे समय तक सुचारु यातायात की सुविधा मिल सकेगी।

## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**





रामपुर: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 और 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों और परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता के साथ कराया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सभी अधिकारी गंभीरता से अध्ययन कर लें, ताकि परीक्षा का संचालन व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और नामित अधिकारी निर्धारित निर्देशों के अनुसार पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर प्रदर्शित करना होगा। वहीं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने परीक्षा केंद्रों की पूर्व जांच, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में व्यवधान डालने या अनुचित गतिविधि करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूदे।

## बीटेक के छात्र तेजस ने किया पहला रक्तदान, युवाओं के लिए प्रेरक मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** 22 साल के तेजस प्रभात, जो अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा में बीटेक फाइनल ईयर के छात्र हैं, ने समाज में जीवन बचाने का संदेश देते हुए प्रथम बार रक्तदान किया। तेजस ने यह नेक कदम सीआरपीएफ कैम्प में आयोजित ब्लड बैंक कार्यक्रम के दौरान उठाया। रक्तदान के बाद उन्होंने कहा, ष्यह अनुभव मेरे लिए बेहद संतोषजनक और प्रेरक रहा। रक्तदान केवल दूसरों की जान बचाने का जरिया नहीं है, बल्कि खुद में जिम्मेदारी और सहानुभूति का एहसास भी जगाता है। कार्यक्रम आयोजकों ने तेजस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज में जागरूकता फैलाने और अन्य युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। तेजस के इस कदम से कई छात्र और युवा भी रक्तदान के लिए आगे आए और उन्होंने अपनी भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाया। तेजस की इस पहल ने यह संदेश भी दिया कि युवा शक्ति समाज में बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक सामाजिक सेवा है, बल्कि यह स्वास्थ्य और जीवन को बचाने की जिम्मेदारी भी है।

## दहेज हत्या मामले में दो वांछित महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्वार।** रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक मामले में पुलिस ने दो वांछित महिला आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां मुंशीगंज तिराहा के पास से गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान इलमा पुत्री जाकिर अली और मुरसलीन पत्नी जाकिर अली के रूप में हुई है, जो मोहल्ला चक स्वार, थाना स्वार, जनपद रामपुर की निवासी हैं।

यह मामला 18 फरवरी 2026 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया था। तहरीर में आरा. ेप लगाया गया था कि अभियुक्तों ने वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में थाना स्वार पर धारा-85/80(2)/351(3) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम के तहत जुनैद पुत्र जाकिर अली, आजम पुत्र जाकिर अली, इलमा पुत्री जाकिर अली और मुरसलीन पत्नी जाकिर अली के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में नामित अभियुक्त जुनैद और आजम को पहले ही गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा चुकी है।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के कुशल पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय के निर्देशन में मंगलवार को स्वार थाना पुलिस ने विवेचना के दौरान इन दोनों वांछित अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अभिनव देशवाल, उपनिरीक्षक ओमकार नाथ, कांस्टेबल राजन चौधरी, महिला हेड कांस्टेबल अमरवती और महिला कांस्टेबल ज्योति शामिल थीं।

## ताले तोड़कर लाखों के जेवर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बना लिया। ताले तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने लाखों रुपये के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। आंख खुलने पर जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिलक निब्बी पंजाबनगर का है।

यहां पर रहने वाली आशा का कहना है कि कुछ दिनों पहले वह परिवार के साथ घर पर थी। रात खाना खाने के बाद परिजन सोने चले गए। रात किसी समय चोर उनके घर में ताले तोड़कर घुस आए। चोरों ने घर में रखा सोने का हार, चार चूड़ियां, झुमकी और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। जिनकी कीमत लाखों रुपये की है। सुबह जाग होने पर जब परिजनों ने सामान बिखरा देखा तो होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी मौका-मुआयना किया। आशा ने इस संबंध में सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


### कार्यालय ग्रा0पं0 सुन्दरनगर विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक:- मिमो/ निविदा विज्ञाप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक:- 10/03/2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोड़ा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना(2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत 'सुन्दरनगर' विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13-03-2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी।

**'कार्य का विवरण निम्न प्रकार है'**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | आजाद सिंह के प्लॉट के पास पुलिया व खंरजा अवशेष कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | अंत्येष्टि स्थल मैं अवशेष कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | कुवरपाल के घर से प्रेमपाल के घर तक सीसी नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4 | प्राइमरी विद्यालय में खरंजा निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5 | राजपाल के घर से ओमबीर जाट के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6 | अंत्येष्टि स्थल की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7 | हैंडपंप मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8 | हेड पंप रिबोर कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9 | प्राथमिक विद्यालय मैं काया कल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10 | ग्राम पंचायत में नाली जाल निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

सचिव प्रधान

### कार्यालय ग्रा0पं0 सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक:- मीमो/ निविदा विज्ञाप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक- 10/03/2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोड़ा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना(2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत 'सैफुल्ला गंज' विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13-03-2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी।

**'कार्य का विवरण निम्न प्रकार है'**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | राजू के मकान से सूरज के मकान तक सीसी नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | गोपाल के मकान से बिजेंदर के मकान तक खरंजा नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | धर्मवीर के मकान से खरंजा तक खरंजा नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4 | जोगेंद्र के मकान से मैन सीसी तक सीसी इंटरलॉक नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5 | मैन सीसी से हरनारायण के मकान तक सीसी नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6 | खंजनपुर में चामुंडा मंदिर से मैन सीसी तक नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7 | किशोरी के मकान से मंदिर तक नाला निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8 | प्रा.वि. सैफुल्लागंज में कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9 | संविलियन विद्यालय में काया कल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10 | प्रा. वि. खंजनपुर में कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11 | पंचायत भवन का कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

सचिव प्रधान


## डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मशक्ति बने "सेवा और निष्ठा" की मिसाल

### सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान, 42 जवानों का ब्लड लोगों को देगा जीवनदान

**शाह टाइम्स ( हसन )**

**रामपुर:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने एक बार फिर अपनी टैगलाइन "सेवा और निष्ठा" को चरितार्थ करते हुए ग्रुप केन्द्र रामपुर के रंगशाला भवन में मेगा रक्तदान शि. विर आयोजित किया। शिविर में अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान देश की सुरक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। रक्तदान जैसे कार्य जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होते हैं और जवानों की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर डीआईजी ग्रुप केंद्र पूर्ण सिंह धर्मशक्ति ने स्वयं रक्तदान कर अभियान की अगुवाई की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी दे सकता है और यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। शिविर में सुबह से ही जवानों में उत्साह का माहौल रहा। युवा रंगरूटों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक सभी इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेने के लिए कतार में नजर आए। इस दौरान सहायक कमांडेंट पुरुषोत्तम जोशी, रणवीर सिंह, अवधेश पांडे सहित कुल 42 जवानों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। साथ ही इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सीडब्ल्यूए अध्यक्ष रेखा सिंह ने किया। सरकारी अस्पतालों, निजी संस्थाओं के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नेशनल हेल्थ मिशन के अफसर प्रभात कुमार और उनके बेटे तेजस प्रभात ने भी इस लम्हे को यादगार बना दिया पिता पुत्र दोनों ने एक साथ रक्तदान किया पिता पुत्र की इस पहल को सभी ने सराहा।सीआरपीएफ की इस पहल की शहर भर में सराहना हो रही है और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश माना जा रहा है।

## महिला सिपाही से मारपीट और अभद्रता, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस लाइन में तैनात एक महिला सिपाही के साथ मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में गंज थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात महिला सिपाही आरजू सात मार्च को सुबह करीब 11 बजे अपने बच्चे को लेने उसके स्कूल गई थीं। बताया गया है कि स्कूल से फोन आने पर वह वहां पहुंची थीं। इसी दौरान स्कूल में मौजूद विशाखा निवासी डूंगरपुर ने महिला सिपाही पर विभागीय टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान स्कूल प्रबंधक ने भी माहौल को भड़काते हुए मारपीट के लिए उकसाया और पुलिस बुलाने की धमकी दी। इसी बीच विशाखा और उसकी बहन ने महिला सिपाही को पकड़ लिया और अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह महिला सिपाही वहां से बचकर निकली और सीधे गंज थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विशाखा, उसकी बहन, उसकी माता और प्रबंधक के चाचा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी गंज पवन कुमार शर्मा ने बताया कि महिला सिपाही की शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।


**डी.पी.पी. डिग्री कालेज**
**धनकुना, पीलीभीत**

**आवश्यकता है**

- बी.ए. राजनीति शास्त्र
  शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
- बी.ए. संस्कृत
  शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद

योग्यता : यू.जी.सी. के मानकानुसार

प्रबन्धक मो. 7060007653

### उत्तर रेलवे

**एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI)**

**विषय: मुरादाबाद डिवीजन में पार्सल ट्रैफिक के लिए फर्स्ट माइल और लास्ट माइल लॉजिस्टिक सर्विसेज देने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया जा रहा है।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ०एस०, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुरादाबाद डिवीजन, नॉर्दर्न रेलवे, मुरादाबाद डिवीजन में पार्सल ट्रैफिक के लिए ऐप आधारित फर्स्ट माइल और लास्ट माइल लॉजिस्टिक सर्विसेज देने के लिए लॉजिस्टिक्स सर्विस प्रोवाइडर्स/फर्म्स/एजेंसियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जा रही है जो कि निम्नलिखित शहरों के लिए हैं:-
मुरादाबाद (MB), देहरादून (DDN), हरिद्वार (HW), बरेली (BE), योग नगरी ऋषिकेश (YNRK)

ऐप आधारित प्लेटफॉर्म एक लॉजिस्टिक्स मार्केट प्लेस देगा, जहाँ से ग्राहक को पिकअप/डिलीवरी के लिए दी गई कीमत के आधार पर सबसे सही फर्स्ट माइल लास्ट माइल सर्विस प्रोवाइडर चुनने की इजाजत होगी।

जिन लोगों को लॉजिस्टिक्स, कूरियर, ट्रांसपोर्टेशन या पार्सल हैंडलिंग सर्विस का अनुभव है, वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के अंदर कंपनी प्रोफाइल, अनुभव की जानकारी और कॉन्टैक्ट जानकारी के साथ अपना एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा कर सकते हैं।

प्रपोजल सीलबंद लिफाफे में सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर/FS, मुरादाबाद डिवीजन, नॉर्दर्न रेलवे, मुरादाबाद के ऑफिस में या sr.dcmfsmb@gmail.com पर ईमेल से जमा किए जा सकते हैं। ज्यादा जानकारी के लिए, कृपया 9760541576 पर संपर्क करें।

सक्षम अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रपोजल को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखते हैं।

809/2026 ACM II/MB

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कार्यालय नगरपालिका परिषद धनौरा, जनपद अमरोहा

पत्रांक: 331/न.प.प.ध./2025-26 दिनांक: 10.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन- नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कमलेपुर रोड स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर में 05 टन क्षमता का गीला कचरा प्रसंस्करण इकाई की स्थापना/निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं।

अत: इच्छुक निविदादाता/ठेकेदार/फर्म अपनी-अपनी ऑनलाइन निविदायें दिनांक 01.04.2026 दोपहर 12.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है जोकि दिनांक 01.04.2026 को ही अपरान्ह 02.00 बजे गठित समिति तथा पंजीकृत ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मो की उपस्थिति में खोली जायेगी। ई निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धनौरा में निहित है। इस सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर किसी भी ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मो को न्यायालय जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 331/N.P-P.D/E-Tender/2025-26 |
| Publish date and time | 11.03.2026 on 12:00 PM |
| Last date and time for submission of E-bids | 01.04.2026 on 12:00 PM |
| date and time of opening of Online T E-bids | 01.04.2026 on 02:00 PM |
| Place of opening of E-bids | Nagar Palika Parishad Dhanaura, Amroha |
| E-Tender Sucurity | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As Per Tender list |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनौरा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद धनौरा

